तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 4 अप्रैल 2024



11 शहीद सुखसिंह फरस की प्रतिमा का विधायक जनक ने किया अनावरण



12 पापी व्यक्ति का अन्न ग्रहण करने से बुद्धि का होता है नाश : पं रत्नेश







क्षेत्र का पहला व एक मात्र सर्व सुविधा युक्त

मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

रात में भी सोनोग्राफी और सी टी स्कैन
सर्वश्रेष्ठ आई सी यू एवम् विशेषज्ञ
डायलिसिस सेंटर
हृदय उपचार (इकोकार्डियोग्राफी)

डॉ. श्वेता पांडेय
एम् बी बी एस, डी एन बी जनरल मेडिसिन, फेलोशिप इकोकार्डिओग्राफी

डॉ. भावेश पटेल
एम् बी बी एस, एम एस, हड्डी रोग विशेषज्ञ

डॉ. आयुष शर्मा
एम् बी बी एस, डी एन बी रेडियोलोजी




Sanjeevani
Multispeciality Hospital

अधिक जानकारी के लिए अभी संपर्क करें:
+91 80859 00763, +9 93408 01080
महिंद्रा ट्रेक्टर शोरूम के पास, रायपुर रोड, नवापारा, राजिम, रायपुर (छ.ग.)

सदैव आपके लिए, आपके साथ


## खबर संक्षेप

### चिगरमाल मार्ग के पेड़ पर आराम करता दिखा तेंदुआ



**रसेला।** क्षेत्र के अंदरूनी जंगल इलाकों में इन दिनों वन्यप्राणी तेंदुए की दहशत बनी हुई है। परसुली वन परिक्षेत्र के ग्राम रुवाड-चिगरमाल मार्ग में मंगलवार को एक पेड़ पर तेंदुआ देखा गया, इससे कि इस मार्ग से आवागमन करने वाले लोगों में भारी दहशत व्याप्त है। बताना लाजिमी होगा कि अप्रैल माह में ही अंचल में तेज गर्मी और धूप पड़ने लगी है, इससे की जंगलों में तालाब, पोखर और जल स्रोत सूखने की कगार में है। ऐसे में वन्यप्राणी शिकार और पानी की तलाश में गांवों के नजदीक पहुंच रहे हैं। मालूम हो कि पिछले तीन–चार दिनों से यहां तेंदुए की दस्तक बनी हुई है, जिससे ग्रामीण दहशतजदा हैं। वहीं कुछ दिन पहले ग्राम कुडेरादादर में तेंदुए ने बछड़े का शिकार भी किया था। जहां तेंदुए ने शिकार को मारकर पेड़ की टहनियों में ले जाकर रखा हुआ था। जिसे देख हर कोई हतप्रभ रह गया। इसके बाद एक बार फिर राहगीरों ने गांव के करीब पेड़ के ऊपर आराम करते हुए तेंदुए को देखा है। इसके बाद इसकी सूचना वन विभाग को दी गई।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद** । सरायपाली पुलिस ने ग्राम लिमऊगुड़ा के रामलाल निषाद पिता श्रीधर निषाद (32) के कब्जे से 35000 एमएल महुआ शराब कीमत 7000 रुपए जब्त किया है।

# उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के जंगल में हिरण का शिकार करते तेन्दुआ हुआ कैमरे में कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व वन परिक्षेत्र में जंगल के भीतर लगाये गये ट्रेप कैमरा में इन दिनों लगातार वन्य प्राणियों की तस्वीर कैद हो रही है। नर और मादा तेन्दुआ द्वारा एक हिरण का शिकार करते तस्वीर कैमरा में कैद हुई है, यह तस्वीर वन विभाग ने उपलब्ध कराया है।

**तेंदुए की एक्टिविटी जांचने रखा गया था मृत हिरण :** उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि लगभग पखवाड़े भर पूर्व एक हिरण को कुत्तों के झुण्ड ने हमला कर बुरी तरह जख्मी कर दिया था। जिसे पुलिस के जवानों द्वारा बचाया गया था और इस हिरण का ईलाज वन विभाग द्वारा किया जा रहा था। ईलाज के दौरान हिरण की मौत हो जाने पर उसे रिसगांव के जंगल में ले जाकर रख दिया गया था और ट्रेप कैमरा लगा दिया गया था।

कैमरा में दो तेन्दुआ नर और मादा की तस्वीर कैद हुई है जो इस मृत हिरण को अपना शिकार बना रहे हैं। श्री जैन ने बताया कि उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के जंगल में कई दुर्लभ वन्य प्राणी भारी संख्या में पाये जाते है और लगातार वन विभाग द्वारा वन्य प्राणियों की सुरक्षा के लिए अभियान चला रहा है। अवैध तस्करी पर लगाम लगाने वन विभाग की टीम लगातार मुस्तैदी के साथ कार्य करते हुए अवैध तस्करों पर कार्यवाही कर रही है।

**खास बातें**

- जंगल के अंदर लगे ट्रेप कैमरे ने उम्दा फोटो किया कैप्चर
- वन्य प्राणियों की सुरक्षा में वन विभाग है लगातार सक्रिय
- रिजर्व में दुर्लभ वन्यप्राणी करते हैं स्वच्छंद विचरण



## जांच : किसानों से की चर्चा, नुकसान का डाटा किया रिकार्ड

# ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों का आंकलन करने विधायक के निर्देश पर पहुंची टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

बारिश और ओलावृष्टि का सीधा असर फसलों पर पड़ा है। फसलों की तबाही में अन्नदाताओं के चेहरों पर मायूसी ला दी है। वहीं, राजिम विधायक रोहित साहू के निर्देश पर शासन द्वारा भी किसानों को हुए इस नुकसान का आंकलन करने और मुआवजा देने की प्रक्रिया 3 अप्रैल से शुरू कर दी गई है। तेज हवा, ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश के बाद बुधवार को फसल नुकसानी का सर्वे करने राजस्व पटवारी उषा किरण और कृषि विभाग फिगेंश्वर आरईओ केआर वर्मा ग्राम बिजली पहुंचा। प्रभावित किसानों के साथ चर्चा कर पंचनामा बनाया गया। चुनावी समय चल रहा है, इसलिए किसान बड़ी राहत मिलने की उम्मीद जता रही हैं।



### खेतों में 90 प्रतिशत फसल नष्ट

ओलावृष्टि से नुकसान प्रभावित किसान कीर्ति गजेन्द निषाद जनपद सभापति प्रतिनिधि, हाई स्कूल अध्यक्ष नंदू यादव, सासंद प्रतिनिधि लिखन निषाद, पूर्व सरपंच मोती राम निषाद, शत्रुहन साहू, भाउराम पटेल, देवनाय यादव, डोमन साहू, भैया राम निषाद, आडू पटेल, किर्तन पटेल, पोखराज साहू, सोन राज साहू, दयाराम साहू, अक्तु निषाद, प्रहलाद पटेल, बालाराम पटेल, कुम्भकरण साहू ने कहा 19 फरवरी को असमय बारिश ओलावृष्टि हमारे लिए आफत बन कर आई और रबी में धान की फसल और फल्ली की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। हमारे गांव के लगभग 100 एकड़ फसल में प्राथमिक आकंलन में 90 प्रतिशत से अधिक नुकसान हुआ है। जहां ओला गिरे हैं उस पौधे में नये साखा नहीं आ रहे हैं। जो बचे हैं उनकी पत्तियां दागी और फट गई है। फसल उत्पादन में काफी गिरावट आएगी।

### दिया था मांग पत्र

उन्होंने कहा ओलावृष्टि के बाद से ही राजिम विधायक रोहित साहू, कलेक्टर गरियाबंद, तहसीलदार फिगेंश्वर को फसल क्षतिपूर्ति राशि दिलाने मांग पत्र दिया गया। किसानों ने कहा विधायक राजिम रोहित साहू ने किसानों से सार्थक चर्चा कर अधिकारी को कार्यवाही का निर्देश दिया था। फलस्वरूप त्वरित सर्वे कार्रवाई किया है, आगे उम्मीद है शीघ्र मुआवजा राशि स्वीकृत होगा। वही संभावित उत्पादन का लगभग 25 फीसदी भी दिये जाने की मांग किया गया है।

इधर सर्वे करने पहुंची राजस्व पटवारी ऊषा किरण एवं कृषि विभाग केआर वर्मा की टीम ने नुकसान का प्रथमदृष्टया की अनुमानित आंकलन बताने में असमर्थता जताई है। सही आंकलन करना अभी बाकी है। पटवारी ने कहा बी वन मिलान और प्रभावित चिन्हांकित किसान का लेख प्रतिवेदन तैयार होगी। जिसमें न्यायालय तहसीलदार के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। उनको ही मापदण्ड तय करना है। बताया गया कि 33 फीसदी से अधिक नुकसान पर ही मुआवजा राशि देने प्रावधान है। वहीं जिला कांग्रेस अध्यक्ष भावसिंह साहू ने कहा ओलावृष्टि के तुरंत बाद से बर्बाद हुई फसलों पर राहत पैकेज प्रभावित किसानों को पूरा-पूरा देने की मांग की गई थी, प्रशासन ने देरी से यह कदम उठाया है।

# सड़क किनारे खड़ी पिकअप को यात्री बस ने मारी टक्कर, दो गंभीर



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

नेशनल हाईवे-130 सी मैनपुर-देवभोग मुख्य मार्ग में बुधवार दोपहर बस और पिकअप में जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में पिकअप चालक एवं एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए जिसे संजीवनी 108 के माध्यम से मैनपुर अस्पताल लाया गया।

मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर के तरफ से एक यात्री बस दोपहर 01:30 बजे के आसपास देवभोग की तरफ जा रहा था। इसी बीच तौरेंगा के पास पिकअप वाहन खड़ा था, जिसमें उसका चालक गौतम ध्रुव 24 वर्ष पांडुका निवासी एवं मौसम साहू 38 वर्ष रायपुर पिकअप में बैठे हुए थे। बस ने सामने से जबरदस्त टक्कर मारा। जिससे पिकअप में सवार दोनों युवक घायल हो गए। जिन्हें ईलाज के लिए मैनपुर लाया गया है। मैनपुर में पिकअप के चालक गौतम ने बताया कि मैनपुर के तरफ से आ रहे यात्री बस ने खडी पिकअप को टक्कर मारा जिससे वे घायल हो गये। मामले की शिकायत थाना में दर्ज कराया गया है।



- तौरेंगा के पास हुआ हादसा

# बाइक में 25 किलो गांजा लेकर निकले तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

मध्यप्रदेश और राजस्थान के गांजा तस्करों के पकड़े जाने के 15 घंटे के भीतर ढाई लाख के गांजा के साथ देवभोग पुलिस ने फिर दो आरोपियों को आधी रात बाईक में मादक पदार्थ गांजा लेकर सीमा पार कर रहे लोगों को पकड़ा और उनके खिलाफ कार्यवाही की है।

- मुखबीर की सूचना पर पकड़े गए आरोपी
- दोनों आरोपी ओडिशा निवासी

**बोरी में छिपाया था गांजा :** मुखबीर की सूचना थी कि दो युवक मोटर साइकिल में गांजा लेकर सीमा में प्रवेश करने वाले हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक गौतमचंद गावड़े द्वारा टीम गठित कर एवं सायबर टीम के साथ मिलकर कार्यवाही करते हुए, बुधवार को अपाचे मोटर सायकल में दो लोगों को पकड़ा है। आरोपी एक सफेद रंग के बोरी में अवैध रूप से गांजा लेकर धरमगड़ से देवभोग की ओर आ रहे थे। मुखबीर की सूचना पर अपाचे बाइक क्रमांक ओडी 08 वी 9035 में दो व्यक्ति बीच में एक सफेद नीले रंग के प्लास्टिक बोरी में सामान रखे मिले। अपाचे चालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम विक्रम मेहर पिता प्रमोद मेहेर ⏭ शेष पेज 11 पर



### विधायक गजेंद्र का आज नगर आगमन

**गरियाबंद।** दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव आज 4 अप्रैल को गरियाबंद जिले के दौरे पर आ रहे हैं। श्री यादव का आगमन गरियाबंद जिले में सामाजिक संगठन को मजबूत बनाने हो रहा है। उनके पूर्व में निर्धारित कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। पूर्व में उनका कार्यक्रम राजिम रखा गया था किंतु किसी कारणवश गरियाबंद में होगा। विधायक गजेंद्र यादव प्रातः 11:00 बजे गरियाबंद स्थान होटल सिटी रीजेंसी में मौजूद रहेंगे। गरियाबंद यादव समाज ने सामाजिक लोगों से निर्धारित समय में उपस्थिति देने आग्रह किया है।



# पाइप लाइन बिछाने खोदे गड्ढे ग्रामीणों के लिए बनी मुसीबत



हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

इन दिनों प्रधानमंत्री नल-जल योजना के तहत गांवों में पाइप लाइन बिछाया गया है। ताकि लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। इसके लिए पहले से चकाचक बनी सीसी रोड को तोड़ दिया गया है। जिससे लोगों को आवाजाही में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इस योजना से लोगों को भविष्य में पानी मिले या न मिले फिलहाल अच्छी सड़क को पूरी तरह से चौपट कर दिया गया है। पाइप लाइन बिछाने ठेकेदार ⏭ शेष पेज 11 पर

## भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी की नामांकन रैली से पहले गरजे सीएम

# नामांकन रैली में सीएम और दिग्गजों की मौजूदगी में भाजपा ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नामांकन रैली में बुधवार को भाजपा प्रत्याशी रुपकुमारी चौधरी के नामांकन में प्रदेश भर के दिग्गज शामिल हुए। हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं की मौजूदगी और सभा में भाजपाजनों की गर्जना के बीच भाजपा ने दम दिखाया। नामांकन रैली के पूर्व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शहर के आत्मानंद स्कूल मैदान में आयोजित सभा को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री साय ने एक दिन पूर्व राजनांदगांव में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सिर को लाठी से फोड़ने की बात को कांग्रेस की मानसिक संतुलन खो देने की स्थिति बताते हुए कहा कि पहले मेरे सिर पर लाठी मारकर दिखाएं। साय ने कहा कि नरेंद्र मोदी के बारे में कांग्रेस ने चौकीदार चोर, मौत का सौदागर जैसे भी असभ्य भाषा का प्रयोग करते रहे हैं। देश की जनता ने मजबूत विपक्ष के लायक भी सीट नही देने वाली। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने कांग्रेस को पूरे विश्वास के साथ राज्य की सत्ता सौंपी। लेकिन, कांग्रेस ने उस जनादेश का सम्मान नहीं किया। पिछले पांच सालों तक कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार कर जमकर लूट मचाई। इसके कारण कांग्रेस के कई नेता जेल में हैं। इस दौरान सीएम साय ने राज्य सरकार के 100 दिनों के कार्यों का ब्यौरा भी जनता के समक्ष रखा।




### विधायक के प्रयास से हजारों लोगों ने किया भाजपा प्रवेश

कांग्रेस छोड़कर भाजपा प्रवेश करने वालों की कतार के क्रम में बुधवार को भाजपा की सभा में बड़ी संख्या में लोगों ने भाजपा प्रवेश किया। महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के संयोजन कबीर आश्रम के देवकर साहेब और उनके करीब एक हजार अनुयायी, पूर्व नपाध्यक्ष अनिता जी रावटे और सैकड़ों महिला स्वसहायता समूह की बहनें, जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, पूर्व नपा उपाध्यक्ष हरबंस सिंह ढिल्लो नानू भाई, जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू, उपाध्यक्ष त्रिलोकी राधेश्याम ध्रुव और इनके साथी जनपद सदस्यगण, महिला नागरिक सहकारी बैंक की अध्यक्ष अरुणा शुक्ला, नपा पिथौरा के पूर्व अध्यक्ष देवेश निषाद, उद्योगपति प्रशांत पारस चोपड़ा आदि प्रमुख हैं।




## पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### योग भवन में होली मिलन कल

**महासमुंद।** दिव्य जीवन संघ द्वारा 5 अप्रैल शुक्रवार को होली मिलन का कार्यक्रम संध्या 6 बजे से योग भवन कचहरी चौक में किया गया है। इसमें शहर के लोग परिवार इष्टमित्रों सहित मिलन समारोह में बड़ी संख्या में शामिल होंगे। किसी भी प्रकार के रंग गुलाल पूर्णतः वर्जित हैं। पलाश के फूलों के साथ होली खेली जाएगी। उक्ताशय की जानकारी दिव्य जीवन संघ के दौलत चंद्राकर एवं तारेंद्र चंद्राकर ने दी है।



### पांचवीं के छात्रों को दी गई विदाई

**बागबाहरा।** शाकीय प्राथमिक शाला सोनापुटी में कक्षा 5वीं के बच्चों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अतिथि के रूप में भीमसेन चंद्राकर पूर्व संकुल समन्वयक खोपली, टिकेश्वर कुम्हार अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति सोनापुटी व पालक गण ओमप्रकाश लुकेश्वरी दीवान, उपाध्यक्ष यादराम मनीराम व अन्य सदस्य उपस्थित थे। प्रधान पाठक हेमंत कुमार साहू एवं शिक्षिका प्रभा चौहान द्वारा 5वीं के बच्चों को जूती, पेनबाक्स, टीशर्ट दिया गया। प्रधान पाठक द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया था। जिसमें खीर, पूड़ी परोसा गया।

### संगम सेवा समिति ने की पेयजल की व्यवस्था

**सरायपाली।** संगम सेवा समिति द्वारा तहसील कार्यालय एवं उपपंजीयक रजिस्ट्री ऑफिस में आने वाले लोगों के लिए ठंडे पानी पाउच की व्यवस्था की गई। समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल ने बताया कि अप्रैल माह आते आते मई जून तक गर्मी बहुत बढ़ जाती है, जिस वजह से बाहर से आने वाले ग्रामीण लोगों की सुविधा के लिए समिति द्वारा ठंडे पानी की व्यवस्था कराई जा रही है। कोई भी व्यक्ति समिति के स्टाल के पास जाकर इस सेवा का लाभ ले सकता। मैं सभी लोगों से अपील करना चाहता हू की पानी व्यर्थ ना बहाए और जितना हो सके गर्मी के दिनों में पानी की सेवा करें। अपने घर के बाहर जानवरों मवेशियों के लिए पानी की व्यवस्था करें।

### स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत क्रिकेट प्रतियोगिता आज

**महासमुंद।** जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 मतदाता जागरुकता अंतर्गत स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 4 अप्रैल 2024 को मिनी स्टेडियम महासमुंद में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें महासमुंद विकासखंड अंतर्गत समस्त ग्रामीण एवं शहरी खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 में युवा मतदाताओं में बढ़-चढ़कर निर्वाचन के प्रति जागरुकता लाने के उदेश्य से रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

# भीषण गर्मी में सड़कें सूनी, ट्यूबवेल की धार हुई पतली





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

इन दिनों ग्रामीण अंचल में पड़ रही भीषण गर्मी व तेज धूप के कारण तापमान 40 डिग्री के आसपास है। गर्मी की वजह से कूलर, पंखों की मांग भी बढ़ गई है। इधर, भीषण गर्मी में लो वोल्टेज की समस्या अभी भी बनी हुई है। इसके कारण सीलिंग पंखे, कूलर ढंग से नहीं चल पा रहा है।

अप्रैल के महीने में चिलचिलाती धूप व गर्मी की वजह से लोग घर पर ही दुबक रहे हैं। दोपहर में गांव की गली व सड़कें वीरान सी हो रही है। इधर, साधन संपन्न ट्यूबेल वाले किसान हजारों एकड़ खेतों धान, मूंगफली एवं सब्जी की फसल ले रहे है। जो किसान पहले से पहले रोपाई व बुआई, निंदाई, चलाई की है, उन किसानों के फसलों में धान की बालियां निकलना शुरू हो गया है।

कुछ किसानों के फसल में अभी भी बालियां आना शुरू नहीं हो पाया है। बाली निकलते समय पानी की मात्र अधिक लगती है। लो वोल्टेज के कारण मोटर सबमर्सिबल पंपों की धार पतली सी हो गई। जिससे खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। भीषण गर्मी के कारण खेत भी सूख रहे हैं और तो और फसल में लगने वाले तनाछेदक और भूरा माहो जैसे कीट प्रकोप से किसान से किसानों की मुश्किलें और बढ़ गई है।

## शहर में दो जगह प्याऊ घर का शुभारंभ



**महासमुंद।** उत्कल दिवस पर छग करण महांती समाज द्वारा नगर के 2 स्थानों पर प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। पहला फव्वारा चौक (लोहिया चौक) में प्रकाश महांती ने अपने माता-पिता स्व. ध्रुवचरण महांती व महादेवी महांती की स्मृति में प्याऊ का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग ने दीप जलाकर प्याऊ का उद्घाटन किया। दूसरा प्याऊ तुमगांव रोड गुलशन चौक में किया गया। स्व.युधिष्ठिर महांती के स्मृति में प्रारंभ किए गए प्याऊ का उद्घाटन उनकी पत्नी सूर्यकांति महांती ने किया। इस अवसर पर महांती समाज के अध्यक्ष मनोहर महांती मौजूद रहे।

## नामांकन रैली में शामिल हुए कांग्रेसजन




**महासमुंद।** मंगलवार को अंकित बागबाहरा बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों के साथ लोकसभा प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू के नामांकन रैली में शामिल हुए।

# नालियों की नियमित सफाई नहीं, पनप रहे मच्छर: तुषार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गांधी चौक के आसपास नालियों की नियमित साफ-सफाई नहीं होती। इससे नालियों में मच्छरों का डेरा है।

स्वच्छ भारत मिशन का जिला मुख्यालय में बुरा हश्र है। बदहाली का आलम यह है कि नपा क्षेत्र के कई वार्डों की नालियों की सफाई नहीं होने से कीचड़ से बजबजा रही है तो कहीं नालियों से बहकर कीचड़ रास्तों पर आने से राहगीरों को परेशानी हो रही है। वार्डवासियों का कहना है कि साफ-सफाई नियमित तौर से नहीं होती। नालियों में मच्छर पनप रहे हैं। ऐसे में मच्छरों व गंदगी से फैलने वाली बीमारियों की चपेट में आने की आशंका है। खास बात यह है कि बरसात का सीजन भी आने वाला है, पर जिम्मेदार इस ओर गौर नहीं कर रहे हैं। साफ-सफाई अब सिर्फ मुख्य मार्ग तक ही सीमित रह गई है।



सड़क किनारे बसे वार्ड तक सफाईकर्मी नहीं पहुंच रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि साल में एक या दो बार ही नालियों की सफाई होती है। इससे नालियां जाम रहती हैं।

सबसे अधिक परेशानी बारिश के दिनों में होती है, क्योंकि बारिश का पानी नाली के गंदे पानी के साथ मिलकर सड़क में बहने लगता है। इससे दुर्गंध के अलावा मच्छर भी बढ़ जाते हैं।

# महिला मतदान अधिकारियों को मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से मतदान कार्य संपन्न कराने के लिए 900 महिला अधिकारी-कर्मचारियों को पीठासीन एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2 और 3 के रूप में दायित्व सौंपा गया है। इन महिला मतदान अधिकारियों को प्रथम चरण का विशेष प्रशिक्षण सभी विकासखंड मुख्यालयों में दिया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी एस आलोक, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू, जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव



सावंत द्वारा निरीक्षण किया गया। उन्होंने प्रत्येक कक्ष में जाकर महिला मतदान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किया तथा उन्हें बिना किसी भय के मतदान कार्य संपन्न कराने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी नंदकिशोर सिन्हा, जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी गजेंद्र ध्रुव, संजय मांझी उपस्थित थे।

# स्वच्छता दीदियों ने अपनी ई-रिक्शा में स्टीकर लगाकर शत-प्रतिशत मतदान का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के निर्देशानुसार यात्री वाहनों में मतदाता जागरुकता संबंधी स्टीकर चिपकाया जा रहा है। इसके जरिए जिले में शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया जा रहा है। इसी क्रम में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत बुधवार को स्वच्छता दीदीयों ने स्वीप 2024 लोकसभा निर्वाचन महासमुंद के द्वारा तैयार मतदाता जागरुकता




स्टिकर अपने ई-रिक्शा सहित शहर के सवारी ऑटो में लगाए गए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने बताया कि नगर में मतदाता जागरुकता अभियान के तहत अनेक तरह के कार्यक्रम आयोजित कर मतदान में ज्यादा से ज्यादा मतदान हो, इसको लेकर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कार्यक्रम को लेकर नगर पालिका के समस्त वाहनों सहित सवारी वाहनों में मेरा भविष्य, सशक्त लोकतंत्र, प्रभावी प्रतिनिधित्व, समावेशी विकास, बेहतर भविष्य लिखा हुआ स्टीकर लगाकर मतदाताओं को लोकतंत्र का महापर्व 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा निर्वाचन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# लोकसभा चुनाव में होगा कांग्रेस का सूपड़ा साफः रमेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व व्यापारी प्रतिनिधि रमेश साहू ने प्रदेश के सभी 11 सीट जीतने का दावा किया। वही, कांग्रेस पार्टी के लोकसभा 2024 में सूपड़ा साफ होने का दावा करते हुए कहा कि इस बार कांग्रेस पार्टी लोकसभा के चुनाव में इतनी भी सीटें हासिल नहीं कर पाएंगी कि वह नेता प्रतिपक्ष बन पाए। रमेश ने कहा कि छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव से पहले जनता ने मन बना लिया है, कि वह देश के लिए वोट करेगी। केंद्र सरकार के 10 वर्ष के कार्य को जनता ने पसंद किया है, लोगों को मोदी की गारंटी पर विश्वास है। रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 साल के कार्यकाल में जिस तरह से भारत का विकास किया, भाजपा शासित राज्यों के अलावा अन्य राज्यों का भी बिना भेदभाव के विकास किया तथा जनता को मोदी की गारंटी का लाभ पहुंचाया है, उस पर देश की जनता को विश्वास है तथा इस बार पूर्ण बहुमत से केंद्र में भाजपा की सरकार बनाने प्रतिबद्ध हैं।

# श्रीराम मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन

**महासमुंद।** स्थानीय श्री राम मंदिर महासमुंद में प्रति मंगलवार को शाम 6 बजे से 7 बजे तक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन नियमित रूप से जारी है। इसी क्रम में इस मंगलवार का प्रमुख विषय प्रमुख विषय गौ पालन एवं गौ सवर्धन रखा गया।जिसमें मुख्य वक्ता मां गायत्री गौशाला एवं पतंजलि योगपीठ के प्रमुख तिलक साव के द्वारा बताया गया कि जिस प्रकार मनुष्य का शरीर पांच तत्वों अग्नि,वायु,मिट्टी,पानी और आकाश से मिलकर बना है ठीक उसी प्रकार गौ माता के पंच द्रव्य गोबर, गोमूत्र, मक्खन, घी और दूध से हमारा जीवन नियोग एवं स्वस्थ बनता है। हमें अपने जीवन में ऑक्सीजन का लेवल ऊपर उठाने के हमें घर में गोपालन करना चाहिए जिससे घर में ऑक्सीजन का लीवर एवं स्वस्थ पारिवारिक वातावरण नियमित हो। आगामी मंगलवार का प्रमुख विषय



भारत माता की सेवा एवं भारत माता का आरती रखा गया है।

श्रीराम मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा एवं संध्या आरती का आयोजन आचार्य नारायण महाराज एवं शत्रुघ्न दास महाराज के सानिध्य में किया जा रहा है नगर के सभी श्रद्धालुओं से भी अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में प्रति मंगलवार शाम 6 बजे राम जानकी मंदिर गांधी चौक महासमुंद अपनी उपस्थिति दे कर सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ एवं आरती का लाभ उठाएं। इस मंगलवार के हनुमान चालीसा में प्रमुख रूप से श्री राम मंदिर के पुजारी आचार्य नारायण महाराज, शत्रुघ्न दास, बलराम दास, गोवर्धन, संतोष दास, सुरेंद्र दास, उत्तम वर्मा, बबल चंद्राकर, राम सिंह साहू, धनेंद्र चंद्राकर, रामेश्वर पांडे, रामेश्वर साहू, रहील गुप्ता, गुड्डू सिंहा, जानकी बाई, शकुन चंद्राकर, माला चंद्राकर, कृष्ण तंबोली, वंदना सेन, अदिति चंद्राकर एवं बहुत सी महिलाएं उपस्थित थे।

# केंद्र में सरकार बनी तो कांग्रेस देगी युवाओं, महिलाओं, किसानों को 5-5 गारंटियां : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनी तो युवाओं, महिलाओं व किसानों की समृद्धि के लिए पांच-पांच गारंटियां पूरी की जाएगी। चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है, पूरे देश सहित यहां के अन्नदाता किसानों को किसान न्याय की गारंटी मिलने से वे समृद्ध होंगे तथा उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर एमएसपी को कानूनी दर्जा मिलेगा। किसान आर्थिक रूप से सक्षम होगा, खुशहाल होगा। बीते 10 वर्ष में मोदी सरकार ने किसानो की आमदनी दोगुनी करने उपज का डेढ़ गुना समर्थन मूल्य देने जैसे वादों को पूरा नहीं किया, बल्कि किसानों को कमजोर करने एवं पूंजीपतियों का गुलाम बनाने के लिए तीन काला कृषि कानून लाया जिसका कांग्रेस ने पुरजोर विरोध किया था।

# दृढ़संकल्प से दुविधा की बेड़ियां कट जाती हैं: जन्मजय

**सरायपाली।** विकासखंड के ग्राम सिरपुर के ग्रामवासियों द्वारा सप्तदिवसीय राम कथा का धार्मिक आयोजन किया गया। कथा वाचिका पूजा किशोरी के मुखारवृंद से आसपास के सैकड़ों श्रद्धालु भक्तों ने भक्तिमय वातावरण में रामकथा का श्रवण किया। सप्तदिवसीय इस रामकथा कार्यक्रम में वंदेमातरम सेवा संस्थान के उपाध्यक्ष, समाज सेवी, शिक्षक, गोपनाथ आश्रम विद्या मंदिर हासे स्कूल जोगनीपाली के संचालक जन्मजय नायक शामिल हुए। इस अवसर पर नायक ने संबोधित करते हुए कहा-जिस प्रकार प्रभु श्रीराम राजा होकर भी सदैव प्रजा की सेवा में जीवन समर्पित कर दिया वैसे ही मैं भी अपने जीवन को सेवा कार्य में समर्पित करने का निश्चित कर लिया है। नायक ने आगे कहा कि अब तक मैंने भगवान राम के गिलहरी सेवक की भांति जहां-जहां भी अवसर मिला, अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी छोटी-छोटी सेवा कार्यों के साथ विविध विद्यालयों में अवैतनिक शिक्षकीय सेवा कार्य जारी रखा। लेकिन अब



इस दायरे को व्यापक करना चाहता हूं, इसलिएअब मैंने बच्चों के माध्यम से समाज सेवा का रास्ता चुन लिया है और इसके लिए मैंने गोपनाथ आश्रम विद्या मंदिर को संचालित करने का करने निर्णय लिया है। हम पूरी टीम भावना से कार्य करते हुए बहुत ही कम शुल्क में बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ-साथ उन्हें अध्यात्म, संस्कार, सेवा, समर्पण से जोड़ेंगे तथा सनातन धर्म को घर-घर पहुँचाने व धर्म जागरण तथा अध्यात्म के भाव से काम करते हुए तकनीकी एवं नैतिक मूल्यों में सामंजस्य स्थापित कर वैश्विक परिदृश्य में भविष्य के लिए सशक्त एवं सक्षम बनाऐंगे।नायक ने आगे कहा-आज जहां अंग्रेजी का वातावरण और पाश्चात्य संस्कृति की प्रभावशीलता उफान पर है,नैतिकता और संस्कार बच्चों से छीनती जा रही है। वहीं ऐसी प्रतिकूलताओं और दुविधाओं के बीच मैंने विद्यालय के माध्यम से बच्चों की दशा और दिशा को ठीक कर, उचित शिक्षा के माध्यम से, नैतिकता, संस्कार,सेवा, समर्पण वाली एक पीढ़ी तैयार करने का दृढ़संकल्प कर लिया है। क्योंकि, दृढ़संकल्प से दुविधा की बेड़ियां कट जाती हैं। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक गोपनाथ गुरुजी, उपसंचालक दुर्गा चरण नायक, संचालन सहयोगी देवेंद्र पटेल, चतुर्भुज बढ़ाई एवं कथा प्रेमी श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

# पेंशनर एसोसिएशन का होली मिलन समारोह हुआ

## एसोसिएशन के नए सदस्यों का किया गया स्वागत, अनेक समस्याओं पर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बेमचा के गायत्री मंदिर प्रांगण में पेंशनर एसोसिएशन तहसील शाखा महासमुंद की होली मिलन एवं नियमित बैंठक का आयोजन किया गया। बैठक के प्रारंभ संगठन के अध्यक्ष राम कुमार साहू, उपाध्यक्ष चंद्रबदन मिश्रा, सुग्रीव प्रसाद तिवारी, राकेशधर शर्मा, लूनकरण साहू एवं पुरूषोत्तम शर्मा द्वारा मां सरस्वती की विधिवत पूजन से किया गया। बैठक के प्रथम कड़ी में नये सदस्यों क्रमशः लूनकरण साहू उद्योग विभाग, मिलऊराम कंवर, सालिकराम कंवर, नारायण साहू, लोक निर्माण विभाग, राकेशधर शर्मा, नंदकुमार शर्मा, निरंजन राम साहू शिक्षा विभाग, विष्णुराम साहू, सोनमत बाई आदि जल संसाधन विभाग का स्वागत अध्यक्ष राम कुमार साहू एवं संगठन मंत्री चमन लाल साहू द्वारा गुलाल लगाकर एवं



श्रीफल भेंटकर किया गया।

तत्पश्चात संगठन के वरिष्ठ सदस्य भगत राम साहू के अनुज भ्राता चम्मन लाल साहू के आकस्मिक निधन हो जाने के कारण दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसी क्रम में संगठन के सचिव शिव कुमार साहू के अनुज भ्राता नारायण साहू एवं डीके दीवान हास्पिटलाईज है। उनके जल्द स्वस्थ्य होने के लिए सभी पेंशनरों द्वारा अपने-अपने इष्टदेव से प्रार्थना की गई। कार्यक्रम की दूसरी कड़ी में पेंशनरों की समस्याएं सुनी गई, जिसमें जल संसाधन विभाग से सेवानिवृत्त गुलाब साहू भोरिंग द्वारा अवगत कराया गया कि उनका पेंशन निर्धारण हो चुका है। भारतीय स्टेट बैंक में उनका खाता है, जहां से वेतन जमा होता था। वह जून 2023 से बैंक तथा कोषालय में चक्कर काटते काटते परेशान हो चुका है, आज तक उन्हें पेंशन भुगतान नहीं की जा रही है। संगठन द्वारा उनकी समस्याएं सुनी गई, संबंधित कार्यालय में संपर्क कर यथाशीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया। कोषाध्यक्ष विनोद जोशी द्वारा वर्ष 2023-24 की आय व्यय की संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के अंतिम कड़ी में जोर-सोर के फागगीत के साथ होली मिलन का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का संचालन पुरूषोत्तम शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष चंद्रबदन मिश्रा, गोवर्धन साहू, कोषाध्यक्ष विनोद जोशी सहसचिव राधेश्याम दुबे, संगठन मंत्री चमन लाल साहू, भूषण भोसले, वरिष्ठ सदस्य बोधन साहू, संतुराम साहू, देवनारायण बिसेन, ज्ञानसिंह चंदेल, विष्णुराम साहू, अरूण तिवारी, टोपसिंह दीवान, रामानंद सोनी, महेश कुमार शर्मा, चोवाराम साहू, योधराम साहू, भागवत राम साहू, रेवा राम साहू, नोहर लाल चंद्राकर, प्रीत कुमार ध्रुव, बी.एल. पटेल, गौकरण ठाकुर, देवीसिंग, कुलदीप, अर्जुनलाल साहू, नारायण साहू, मुरलीधर पटेल, गुलाब साहू, सुजान राम यादव, गोपेश्वर गिरी, सतानंद यादव, शत्रुहन लाल, रिखीराम साहू आदि मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

## पत्नी की गला दबाकर हत्या, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** विवाहिता को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के बाद गला दबाकर हत्या करने के मामले में आरोपी पति के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। सरायपाली पुलिस ने बताया कि ग्राम पलसापाली निवासी नवविवाहित सुरेंद्री डडसेना पति प्रमोद (22) की मौत के मामले जांच व विवेचना के बाद आरोपी पति प्रमोद डडसेना पिता मन्नूलाल (26) को अपनी पत्नी को मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर गला दबाकर हत्या करना पाए जाने पर धारा 304 बी के तहत अपराध कायम किया गया है।

## एक्सीडेंट में घायल व्यक्ति की मौत

**महासमुंद।** अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। तुमगांव पुलिस ने बताया कि मो. रहमान पिता मो. हसन (45) निवासी सम्हल उत्तर प्रदेश एनएच 53 भोरिंग रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया है।

## आवेश में आकर मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** सिंघोड़ा पुलिस ने आवेश में आकर मारपीट करने वाले आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी बृजकुमार चौहान पिता गोपालदास (33) खम्हारपाली ने रिपोर्ट लिखाई है कि ग्राम के रथीराम भोई पिता हरि भाई ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए डंडे से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। इसी तरह एक दूसरे मामले में प्रार्थी धुवल साय गरूड पिता गहड़ गरूड (52) ने आरोपी सुकमन दीप व तीन अन्य लोगों पर गाली गलौज करते हुए डंडा लेकर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## चाकू लेकर डरा रहे युवक पर कार्रवाई

महासमुंद। तुमगांव पुलिस ने चाकू लेकर लोगों को डरा धमका रहे युवक पर कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि योगेंद्र जेंड्रे पिता भुवन लाल (24) अमावस गाड़ाघाट कौशिक फार्म तुमगांव के पास धारदार हथियार चाकू लेकर लोगों को डरा धमका रहा था। सूचना मिलने पर उसे गिरफ्तार कर धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## अंतरराज्यीय तस्करों से 21 किलो गांजा जब्त



महासमुंद। सिंघोडा एवं सायबर सेल के संयुक्त टीम द्वारा अंतरराज्यीय तस्करों पर कार्रवाई करते हुए 21 किलो गांजा जब्त किया है। मामले में महाराष्ट्र के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रही एक सिल्वर कलर का होंडा सिटी इक्सी कार एमएच 31 सीएम 9625 को रोककर इस में बैठे लोगों से पूछताछ की गई। इन लोगों के द्वारा संतोषजनक उत्तर नहीं दिए जाने पर कड़ाई से पूछताछ की गई। तब इन्होंने वाहन के पीछे डिक्की में मादक पदार्थ गांजा रखकर फुलवाड़ी ओडिशा से महाराष्ट्र ले जाना बताया। इन आरोपियों ने अपने नाम अब्दुल जावेद पिता अब्दुल रशीद (36) निवासी बलगांव रोड धरमकांटा जिला अमरावती महाराष्ट्र, सुमेर अजगर शेख पिता अजगर शेख (24) उतावली थाना धारनी जिला अमरावती महाराष्ट्र का निवासी होना बताया। वाहन की तलाशी लेने पर पीछे डिक्की मे एक बोरी के अंदर 21 किलोग्राम कीमत 3, 15, 000 रुपए नमीयुक्त मनोत्तेजक अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। आरोपियों के खिलाफ थाना सिंघोडा मे एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत विधिवत कार्रवाई की गई।

# गुरू बनाया नहीं जाता, सौभाग्य से मिलता है आशीर्वाद : पं. भागीरथी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर





गुरू बनाया नहीं जाता है बल्कि मिल जाता है। उसी प्रकार शिष्य भी उसी को बनाया जाता है जो गुरू के महत्व को समझकर उनके बताये गये मार्ग पर चले। उक्त बातें नगर के मौलीपारा निवासी दीपक बबली तिवारी परिवार के द्वारा श्रीमद भागवत पुराण के आयोजन में मंगलवार को ब्यास पीठ से सुदाम चरित्र की कथा पर प्रवचनकर्ता भागीरथी महराज ने कही।

उन्होंने बताया कि गुरू के बिना ज्ञान की प्राप्ति नहीं होती। गुरू अपने शिष्य को जो मंत्र कानो में देता है वह उसकी रक्षा के साथ सुख समृद्धि के मार्ग को प्रशस्त करता है। लेकिन उस मंत्र की महिमा तभी तक है जब शिष्य अपने अच्छे कर्मो से गुरू के बताये मार्ग पर चले। शिष्य यदि बुरे मार्ग में चलेगा तो उसका भी भार गुरू पर आता है। अतः कहने का तात्पर्य है कि गुरू एवं शिष्य बनाने के लिए जल्दबाजी न करे। इसलिए कहा गया है गुरू बनाओ जानकर पानी पीओ छानकर। उन्होंने सुदामा चरित्र की महिमा का बखान करते हुए बताया कि गुरूकुल में सुदामा एवं भगवान कृष्ण की परम मित्रता थी। दोनों जंगल पहुंचते है सूखी लकड़ी काटते है और काम निपटाकर कृष्ण आराम की मुद्रा में बांसुरी बजाने लगते हैं। उनकी बांसुरी की धुन पर आसमान में काले काले बादल उमड़ पड़ते हैं बारिश भी होती है।

दोनो वहां पर रूक जाते हैं। सुदामा जो जितेन्द्रीय थे उन्हें पता था कि चने खाने से दरिद्रता आती है तो उसने अपने मित्र कृष्ण को चने न देकर दो मुटठी चने स्वयं खा लिया और अपने मित्र को दरिद्रता से बचा लिया।

कथा सुनने भाजपा के वरिष्ट नेता रामूराम साहू, व्यवसायी नोसराम साहू, वरिष्ट पत्रकार दीपक पोद्दार, विमला तिवारी, दीपक–बबली तिवारी, जगत नारायण तिवारी–प्रतिमा तिवारी, प्रेमलता–राजेश तिवारी, नीलम–ब्रजेश तिवारी, स्वाती–मुकेश तिवारी, अनामिका–आयुश तिवारी, बिसौहा हरित, परमानंद यादव, कमलेश यदु, प्रेमलाल टोडर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# शहीद सुखसिंह फरस की प्रतिमा का विधायक जनक ने किया अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर





तहसील मुख्यालय मैनपुर से 15 किलोमीटर दूर ग्राम मोंहदा में बुधवार को अमर शहीद सुखसिंह फरस की प्रतिमा का अनावरण गरिमामय माहौल में किया गया। ज्ञात हो कि 3 अप्रैल 2021 को नक्सली मुठभेड़ में ग्राम मोंहदा गरियाबंद निवासी एसटीएफ के जवान ने नक्सलियों से लोहा लेते हुए शहीद हो गये थे।

तब से उनके गृह ग्राम मोंहदा में शहीद सुखसिंह फरस की प्रतिमा लगाने उनके परिजनों द्वारा तैयारी की जा रही थी। आज बुधवार उनके शहादत के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित कर शहीद सुखसिंह फरस की प्रतिमा का गरिमामय माहौल में अनावरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव एवं जिला पंचायत गरियाबंद के उपाध्यक्ष संजय नेताम, जिला पंचायत सभापति श्रीमती लोकेश्वरी नेताम, जनपद सभापति श्रीमती चंदा बारले, सरपंच ग्राम पंचायत मोंहदा महेन्द्र नागेश, शहीद की पिता फगनुराम फरस, माता मांगी बाई फरस, पत्नी सेवनतींन फरस, पुत्र लक्ष्यराज फरश्के साथ ही ग्रामीण मौजूद थे।

विधायक जनक ध्रुव सहित सभी अतिथियों ने शहीद सुखसिंह फरस की प्रतिमा का अनावरण कर पुष्पांजली अर्पित किया। विधायक श्री ध्रुव ने कहा कि आज से दो वर्ष पहले नक्सलियों के कायराना हमले से गरियाबंद जिला के एक वीर सपूत सुखसिंह फरस को खो दिया। उनके बलिदान को हम सब नमन करते हैं। आखिरी सांस तक सुखसिंह ने नक्सलियों से लोहा लिया और बहादुरी से उनका सामना किया। उनके इस वीरता और पराक्रम को हमेशा याद रखा जायेगा।

इस मौके पर प्रमुख रूप से मैनपुर के थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा, महेन्द्र सिंह नागेश, ललित कुमार डाहटे, मनेन्द्र सिंह यादव, कुशाराम यादव, खुमनसिंह नागेश, शिवचरण दीवान, तुकाराम फरस, नुतन मरकाम, ओंकार यादव, नम्मु दीवान, पुनारद निशाद, दुर्योधन मरकाम, यशवंत यादव, डिगेश्वर नागेश, वेणुगोपाल, नेयाल नेताम, टीकम सिंह कपील सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# क्रीड़ा भारती की बैठक हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

क्रीड़ा भारती के प्रान्तीय मंत्री सुमित उपाध्याय की मौजूदगी में जिला इकाई के पदाधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें कई विषयों पर चर्चा किया गया। बैठक में जिला क्रीड़ा भारती मंत्री शरद पारकर, उपाध्यक्ष पूरन यादव, उपाध्यक्ष रमेश पटेल, प्रचार-प्रसार धरम वर्मा, हरिश्चन्द्र निषाद, सोमनाथ पटेल, मदन निषाद, ऐश कुमार, राजेश धीवर, प्रेमसिंग नागेश, योग प्रमुख चित्रलेखा नागेश, योग व्यायाम प्रशिक्षक मौजूद थे। बैठक के दौरान खिलाड़ियों को पुलिस, आर्मी भर्ती जैसे संस्था में प्रशिक्षित करने की सराहना किया एवं कैलाश साहू का ऑल इंडिया सिविल सर्विस एथलेटिक्स खेल 800 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर उनको प्रमाण पत्र देकर बधाई दिया गया।



## महिलाओं ने निकाली कैंडल रैली



**राजिम।** जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष पद्मा दुबे के नेतृत्व में लोकतंत्र बचाओ नारे के साथ केंडल मार्च किया। इस दौरान महिलाओं को उनके अधिकार के प्रति जागरूक किया गया। केंडल मार्च में खेमिन देवांगन, दुर्गा सोनी, मनीषा शर्मा, संगीता, विमला, धनेश्वरी, हेमा, कविता, काजल, द्रौपती सोनकर, दीपा, सुरेखा शामिल थी।

# महिलाओं ने निकाली दीप कलश रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इसके तहत विभिन्न समूहों की महिलाओं द्वारा मतदाता जागरुकता के लिए दीप कलश रैली निकाली गई।

जिला गरियाबंद के कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशन में एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी रीता यादव जिला पंचायत गरियाबंद के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत छुरा सीईओ आरके ध्रुव के परिपालन, झांसी महिला संकुल कोसंमबुड़ा संगठन में रंगोली, नारा लेखन प्रतियोगिता, गंगा महिला ग्राम संगठन डागनगंबय में स्व सहायता समूह की महिलाओं ने स्विप कार्यक्रम करने के तहत मतदान दीप कलश रैली निकाली।

इसमें जनपद पंचायत सीईओ रूप कुमार ध्रुव, समाज सेवक शीतल ध्रुव, बीपीएम सुभाष निर्मलकर, क्षेत्रिय समन्वयक घनश्याम सिन्हा, पीआरपी, संकुल कोषाध्यक्ष लक्ष्मी ध्रुव, फरीदा, समूह के दीदी शामिल हुई।

# वोटर हेल्पलाइन एप से मतदाता को मिलेगी सभी जानकारी

**गरियाबंद।** निर्वाचन में सूचना प्रौद्योगिकी और नई तकनीकें अहम भूमिका निभा रही हैं। निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की भागीदारी एवं सहभागिता बढ़ाने में सूचना प्रौद्योगिकी तकनीकों का महत्वपूर्ण योगदान है। भारत निर्वाचन आयोग नई तकनीकों और सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग निर्वाचन को और ज्यादा सुगम, निष्पक्ष तथा समावेशी बनाने में कर रहा है।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक का जागरूक और सजग रहना जरूरी है। निर्वाचन आयोग द्वारा प्रौद्योगिकी आधारित मोबाइल एप्स विकसित कर उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया का हिस्सा बनाया गया है। आयोग द्वारा विकसित विभिन्न मोबाइल एप्स के उपयोग से मतदाताओं की निर्वाचन प्रक्रियाओं में सहभागिता और सुविधा दोनो बढ़ी है। वोटर हेल्पलाइन एप से मतदाता अपना मतदाता परिचय पत्र (एपिक) नम्बर डाल कर बहुत ही आसानी से अपने विधानसभा, पोलिंग बूथ एवं मतदाता सूची में सरल क्रमांक पता कर सकते हैं। यदि एपिक नंबर नहीं मालूम है तो मतदाता अपना विवरण जैसे कि नाम, रिश्तेदार का नाम, उम्र, लिंग एवं निर्वाचन क्षेत्र की जानकारी भरकर अपना नाम मतदाता सूची में खोज सकते हैं। यदि मतदाता का मोबाइल नंबर मतदाता सूची में पंजीकृत है तो मतदाता अपना ईदुएपिक भी डाउनलोड कर सकता है। मोबाइल नम्बर रजिस्टर्ड न होने की स्थिति में आवश्यक सुधार के लिए आवेदन कर ई-एपिक भी डाउनलोड कर सकता है। इस एप के जरिए मतदाता अपना नाम जोड़ने, विलोपन, स्थानांतरण या संशोधन के लिए आवेदन भी कर सकते हैं।

## महुआ संग्रहण जारी



**मैनपुर।** इन दिनों महुआ संग्रहण कार्य तेज गति से जारी है। मैनपुर से 9 किलोमीटर दुर तुपेंगा ग्राम के बुर्जुग ग्रामीण सुबह से सायकल लेकर महुआ संग्रहण करने जंगल के तरफ गये थे और दोपहर 12 बजे तक उन्होंने लगभग 15 किलो महुआ संग्रहण कर वापस घर की राह ली।

# करकरा में हुआ 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)



सोमवार को ग्राम करकरा में 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ का संचालन राजिम शक्ति पीठ के शंकर सिन्हा एवं उनकी टोली द्वारा किया गया।

यज्ञ में आठ लोगों ने गुरुदीक्षा ली तथा चार गर्भवती माताओं का पुंसवन संस्कार कराया गया। कार्यक्रम में सभी ग्राम वासी एवं गायत्री परिजनों का सहयोग रहा। जिसमें प्रमुख रूप से दादूराम यादव, सुखीराम साहू, परमेश्वर पटेल, भावसिंग पटेल, मुड़ागांव से रामावतार यादव, दुल्ला से तुलसी राम साहू, रसेला से ठाकुर राम यादव, का यज्ञ सम्पन्न करने में सहयोग रहा। प्रमुख जन यज्ञ में शामिल हुए उनमें कौशल यादव, बहादुर यादव, राजेश पटेल, गोपाल पटेल, खेमराज यादव, पूनम सा,हू बेलमती पटेल, निर्मला पटेल, भुनेश्वर पटेल, धनराज पटेल उपस्थित रहे। यज्ञ आचार्यों के बिदाई कार्यक्रम का संचालन सुखीराम साहू शिक्षक ने किया।

# आबकारी विभाग की कार्रवाई, देशी प्लेन शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



आबकारी विभाग की टीम ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापामार कार्रवाई की। बागबाहरा तेंदुकोना स्थित शेरे पंजाब ढाबा, थाना-तेंदुकोना में आरोपी के क़ब्ज़े से 390 नग पाव प्लेन शराब, कुल मात्रा 70.200 बल्क लीटर देशी प्लेन शराब बरामद किया गया तथा दूसरी कार्रवाई में तेंदूकोना में ही नाला किनारे एक अन्य आरोपी के कब्जे से 125 नग पाव देशी प्लेन शराब कुल मात्रा 22.500 बल्क लीटर जुमला 92.700 बल्क लीटर, बाजार मूल्य 46350 रुपए जप्त किया गया। उक्त दोनों आरोपियों के विरुद्ध छग आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) (क) 34(2), 59 क के तहत गैर जमानती प्रकरण कायम कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी उत्तम बुद्ध भारद्वाज के नेतृत्व में मंगलवार को मुखबिर की सूचना व शिकायत पर की गई कार्रवाई में आबकारी मुख्य आरक्षक कुंजराम ध्रुव, नगर सैनिक बाल कृष्ण प्रधान, प्रदीप प्रधान तथा वाहन चालक संतू का विशेष योगदान रहा।

### आबकारी विभाग ने की कार्रवाई

इसी प्रकार संयुक्त आबकारी टीम द्वारा वृत्त महासमुंद ग्रामीण अंतर्गत मंगलवार को मुखबिर सूचना की सूचना पर मंगल उर्फ भूपेंद्र कुमार निषाद (38) साकिन पचेड़ा थाना-खल्लारी के कब्जे से एक प्लास्टिक की सफेद रंग की बोरी में रखे कुल 38 पाव देशी मदिरा प्लेन प्रत्येक पाव की क्षमता 180 मिली लीटर कुल मात्रा 6.840 बल्क जब्त की गई। इसकी बाजार मूल्य 3420 रुपए है। जांच उपरांत शराब को विधिवत कब्जे आबकारी लिया गया तथा आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क), 34(2) एवं 59(क) के तहत प्रकरण कायम किया गया। यह कार्रवाई आबकारी वृत्त महासमुंद ग्रामीण प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी दीपक कुमार ठाकुर के नेतृत्व में की गई। जिसमें आबकारी उपनिरीक्षक दरस राम सोनी, विकास बढेंद्र, हृदय कुमार त्रिपुड़े, आरक्षक देवेश मांझी, संजय तिवारी तथा आबकारी स्टाफ मौजूद रहे।

## पेज 9 के शेष

### बाईक में 25 किलो...

30 वर्ष एवं पीछे बैठा व्यक्ति अपना नाम राधामाधव मेहेर पिता कनिष्ठ मेहेर 29 वर्ष दोनों निवासी साकिन नकटीगुड़ा थाना जूनागढ़ जिला कालाहांडी ओडिसा का होना बताया।

जेल पहुंचे आरोपी : जिन्हें बीच में रखे बोरी में रखे सामान के संबंध में पूछताछ करने पर गोलमोल जवाब देने लगे। जिन्हें कड़ाई से पूछताछ करने पर मादक पदार्थ गांजा होना बताये। जिन्हें गांजा रखने के संबंध में पूछताछ करने पर कोई दस्तावेज नहीं होना बताये जाने पर 25 किलो ग्राम गांजा एक मोटर सायकल क्रमांक क्रमांक ओडी 08वी 9035 कीमती लगभग 350000– को जब्तकर किया गया। आरोपियों का उक्त कृत्य अपराध धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट का पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त प्रकरण में आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया।

**इनका रहा योगदान :** उक्त कार्यवाही में डीएसपी निशा सिन्हा (सायबर सेल) थाना प्रभारी देवभोग गौतम चंद गावडे थाने से अन्य कर्मचारी 349,684,240 तथा सायबर सेल से निरीक्षक पवन वर्मा, सउनि मनीष वर्मा,सुशील पाठक, सतीश गिरी, देवेन्द्र सोनवानी, गजानंद सिन्हा, कृतेष प्रजापति, सैनिक पुरुषोत्तम डाहटे की सराहनीय भूमिका रही।

### पाइप लाइन...

ने गलियों को जेसीबी से खोद दिया है, जिससे मजबूती से बनी सीसी सड़क उखड़ गई है। ग्राम टेगनाबासा, रावनाभाटा की गलियों में नल-जल योजना के तहत खोदे गए सीसी रोड को पाइप डाल कर ऐसी पाट दिया गया है। जिससे लोगों को आवाजाही में काफी परेशानी हो रही है।

जनपद सदस्य नीलकंठ ठाकुर ने कहा कि सरकार की इस योजना से गांव की सड़कों की हालत काफी दयनीय हो गई है। आने-जाने वाले लोगों को बड़ी कठिनाईयों को सामना करना पड़ रहा है। पाइपलाइन बिछाने के लिए गली-गली खोदे गए गडढे लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहें हैं।

खबर संक्षेप

## नवोदय विद्यालय में दीपेश का चयन



**नवापारा-राजिम।** भेण्डरी के दीपेश साहू का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ है। छात्र दीपेश पुष्पा-रोशन साहू शिक्षक के सुपुत्र है। छात्र के चयन होने पर ग्रामवासियों एवं शिक्षकों ने खुशी जाहिर किया है। छात्र को उनके दादा ओंकार साहू, शिव साहू, रिकेश्वर साहू, पूना साहू, भगवती साहू, सरस्वती साहू ने बधाई दी है।

## नवोदय विद्यालय के लिए धनेश्वर का हुआ चयन



**मुड़ागांव(कोरासी)।** संकुल केंद्र नवापारा कोसमी के प्राथमिक शाला करणपारा के होनहार छात्र धनेश्वर कुमार मरकाम पिता त्रिनाथ मरकाम का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। प्रधान पाठक संतोष कुमार ध्रुव, बिजेंद्र कुमार ठाकुर शिक्षक एवं शाला परिवार सहित ग्रामीण गज्जू राम दादा, कमला बाई, त्रिनाथ, सुमित्रा बाई आदि ने उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

## नवोदय विद्यालय में खुशबू का हुआ चयन



**फिंगेश्वर।** जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2023–24 के परीक्षा परिणाम में बोरसी में संचालित एकलव्य पब्लिक स्कूल बोरसी की छात्र कु. खुशबू ध्रुव पिता जागेश्वर ध्रुव माता श्रीमती पूनम ग्राम रोहिना का चयन हुआ है। बच्ची की सफलता पर स्कूल के संचालक चेतन मेघवानी, प्राचार्य श्रीमती भारती होलकर, शिक्षक कोमल साहू, लोकेश सिन्हा, टीकमचंद सिन्हा, गीतेश साहू, चमेली साहू, रेवती सिन्हा, हेमलता साहू, पुष्पा सेन अदि ने बधाई दी है।

## नवोदय विद्यालय में आदर्श का हुआ चयन



**फिंगेश्वर।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय फिंगेश्वर से आदर्श कुमार साहू का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2023–24 मे हुआ है। आदर्श योगेश कुमार साहू, शांता साहू के पुत्र एवं समाज सेवी दादा कुंजनलाल साहू के पोते हैं। आदर्शन के चयन पर प्राचार्य मुकेश निर्मलकर, टीचर शुभम, उमेश यदु आदि ने खुशी जताई है।

# वृद्ध, निःशक्त एवं दिव्यांग मतदाताओं को मिलेगी विशेष सुविधाएं : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान दिव्यांग, वृद्धजन और निःशक्त मतदाताओं के लिए प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत दिव्यांग, वृद्धजन एवं निःशक्त मतदाताओं को मतदान केन्द्रों में आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में स्पष्ट दिशानिर्देश जारी किया हैं।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल ने सभी मतदान केंद्रों में आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के प्रत्येक मतदान केंद्र में दिव्यांग, वृद्धजन एवं निःशक्त मतदाताओं हेतु पर्याप्त संख्या में व्हील चेयर की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। इसके साथ ही कलेक्टर ने दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक मतदान केंद्र को भू-तल में रखा जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मतदान केंद्र भवन तक पहुंचने के लिए अच्छी स्थिति में पहुंच योग्य सड़क तथा मतदान केंद्र में सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं जैसे पीने का पानी, प्रतीक्षा शेड, दिव्यांग मतदाताओं के अनुकुल शौचालय, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था, दिव्यांग मतदाताओं के लिए उपयुक्त ढाल का स्थायी रैंप और निर्धारित मानकों के अनुसार मतदान कक्ष निर्मित करने के भी निर्देश दिए है।

### मतदाता जागरूकता के लिए बाइक रैली निकाली

अभनपुर। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार अभनपुर जनपद सीईओ राजेन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में जनपद पंचायत के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों, सचिव व ग्राम रोजगार सहायक द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। यह बाईक रैली जनपद परिसर से ब्लाक कॉलोनी से होते हुए ग्राम पंचायत झॉकी तक निकाली गई जपं.के कर्मचारियो ने रैली के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के अधिकारो एवं 7 मई को शत प्रतिशत मतदान करने कीअपील की। इस अवसर पर सीईओ श्री पाण्डेय द्वारा लोकतांत्रिक प्रलोभन रहित मतदान की शपथ दिलाई गई। इस दौरान अति. मुख्य कार्यपालन अधिकारी नीतु मिस्त्री, उकेश ध्रुव, सहायक विकास विस्तार अधिकारी, पीओ दयानंद देवांगन, राकेश बघेल (एनआरएलएम) एवं अधिकारी,कर्मचारी, सचिव, रोजगार सहायक बड़ी संख्या मे शामिल रहे।




## प्रवचन : नगर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा सुनने उमड़े श्रद्धालु

# पापी व्यक्ति का अन्न ग्रहण करने से बुद्धि का होता है नाश : पं. रत्नेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा





श्रीकृष्ण ने गीता का ज्ञान अर्जुन को इसलिये दिया क्योंकि वह कर्त्तव्य पथ से भटकर संन्यासी और वैरागी जैसा आचरण करके युद्ध छोड़ने को आतुर हो गया था। वह भी ऐसे समय जब की सेना मैदान में डटी थी। ऐसे में श्रीकृष्ण को उन्हें उनका कर्तव्य निभाने के लिए यह ज्ञान दिया। जिस ज्ञान को अर्जुन के अलावा और संजय ने सुना और उन्होंने धृतराष्ट्र को सुनाया। यह ज्ञान हनुमानजी सहित आकाश में स्थित ब्रह्मा, विष्णु, महेश और इंद्रादि अन्य देवताओं ने भी सुना।

छुरा नगर के आमापारा में यादव परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन भागवत आचार्य पण्डित रत्नेश जी महराज ने श्रद्धालुओ को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के माध्यम से उस कालरूप परम परमेश्वर ने गीता का ज्ञान विश्व को दिया। उन्होंने महाभारत के भीष्म की कथा सुनाई तथा कहा कि पापी व्यक्ति का अन्न ग्रहण करने से बुद्धी नष्ट हो जाती है। उन्होंने बताया श्रीमदभागवत पुस्तक नहीं साक्षात भगवान श्रीकृष्ण का स्वरूप है। इसके एक-एक अक्षर में भगवान समाए हुए हैं। इस कथा को सुनना दान, व्रत, तीर्थ से भी बढ़कर है। इसे सुनने से धुंधकारी जैसे महापापी, प्रेतात्मा का उद्धार हो जाता है। मनुष्य से गलती होना बड़ी बात नहीं लेकिन गलती को समय रहते सुधार करना जरूरी है। ऐसा नहीं किया तो गलती पाप की श्रेणी में आ जाती है। भागवत के श्रोता के अंदर जिज्ञासा होनी और श्रद्धा होनी चाहिए। परमात्मा दिखाई नहीं देता पर हर किसी में बसता है। हमारे पूर्वजों ने सदैव ही पृथ्वी का पूजन और रक्षा की। इसके बदले पृथ्वी ने मानव का रक्षण किया। आयोजक स्वर्गीय लतेल राम यादव की धर्म पत्नी फुलकंवर यादव ने अपने पूर्वजों की स्मृति में यह आयोजन रखा है।

## जीवन में माता-पिता का कोई विकल्प नहीं : आचार्य रामकुमार



**रसेला।** भगवान को कभी भी जानने की चेष्टा न कीजिए बल्कि मान लीजिए। यदि मान लेंगे तो मानते-मानते एक दिन भगवान को जान लेंगे। उक्त बातें ग्राम मेडकीडबरी के मरकाम परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन मजरकट्टा से पधारे आचार्य रामकुमार शर्मा ने कही।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार गणित में किसी प्रश्न का हल करने के लिए एक्स लगाते हैं कि माना संख्या एक्स है और अंत में उसका हल निकल जाता है। उसी प्रकार भगवान को मान लीजिए और मानते-मानते एक दिन जान जाएंगे कि भगवान क्या है। उन्होंने श्री राम द्वारा बाल्मिकी से रहने के लिए स्थान पूछने के प्रसंग पर बताया कि जिस प्रकार समुद्र में निरंतर आकर मिलते रहती है। उसी प्रकार राम जी की कथा निरंतर सुनते रहें और कथा श्रवण करने प्यास जगाते रहें। इस तरह चौदह स्थान बताते हुए बाल्मिकी जी ने राम जी उनके हृदय में रहने के लिए स्थान बताए। तत्पश्चात लौकिक रूप से रहने के लिए चित्रकूट में स्थान बताए।

### नरक वर्णन व भरत चरित्र की कथा सुनाई-

उन्होंने कहा कि जो बचपन से भगवान का भजन करते हैं उसी को अंत समय में भगवान का नाम मुख में आता है। जो जीवन भर कभी भगवान का नाम नहीं लेते उसको अंत समय में भगवान की याद नही आती। अस्तु बचपन से ही भजन करते रहना चाहिए। भरत चरित्र की करुणामयी कथा लोगों को अपनी अमृत रूपी वाणी से सुनाया जिससे लोगों के आंखों से आंसू निकल आए। माता-पिता के प्रति जीते जी श्रद्धा नहीं है तो मरने के बाद श्राद्ध करने का कोई अर्थ नहीं। अस्तु श्रद्धा रखनी चाहिए। सभी का विकल्प है परन्तु माता पिता का कोई विकल्प नहीं है।

## समस्याओं के निराकरण के लिए लगातार वार्डों का दौरा कर रहे विधायक रोहित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

- शहर के वार्ड क्रमांक 3 व 7 में लोगों से की मुलाकात

विधायक रोहित साहू जनसमस्याओं को जानने नगर पंचायत राजिम के विभिन्न वार्डों में लगातार पहुंच रहे हैं। इस दौरान विधायक श्री साहू ने वार्ड क्रमांक 3 एवं 7 में वार्डवासियों से मुलाकात की व नागरिकों की समस्याएं सुनी। इसके बाद संबंधित अधिकारियों को फोन से समस्याओं के निराकरण के लिए कहा।

### भाजपा को दें आशीर्वाद

विधायक श्री साहू ने आमजनों से लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को आशीर्वाद प्रदान करने का आग्रह किया। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत निरंतर प्रगति के सोपान तय कर रहा है। आज पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन हुआ हैं। प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में मोदी की गारंटी पूरी हो रही है। सरकार बनते ही 18 लाख पीएम आवास, महतारी वंदन, 3100 रुपए धान की प्रति क्विंटल की दर से धान



खरीदी और दो साल के बकाया बोनस जैसे बड़े निर्णय लेकर प्रदेश में खुशहाली का रास्ता बनाया।

### मोदी को पुनः बनाएं पीएम

अब समय आ गया है कि आप लोकसभा चुनाव में पुनः नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आशीर्वाद दे और मोदी की गारंटियों को सतत अग्रसर करने में सहयोग प्रदान करें। इस दौरान प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सोनकर के प्रतिनिधि वरिष्ठ भाजपा नेता जितेंद्र सोनकर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेश यादव, मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, पार्षद टंकु सोनकर, उत्तम निषाद, भारत यादव, अरविंद यदु, सूरज पटेल, पूरण यादव, अनिता यादव, खुशी साहू, सोमनाथ पटेल, मधु नत्थानी, लता निर्मलकर, राजू निर्मलकर, केशरी तम्बोली, शीतल सिन्हा, मनीष साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता व नागरिक मौजूद थे।

# 5वीं और 8 वीं के छात्रों के साथ शिक्षक को दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम कुडेरादादर में प्राथमिक व माध्यमिक शाला में संयुक्त रूप से कक्षा 5वीं व कक्षा 8वीं के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह और शिक्षक हेमंत वर्मा का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

ज्ञात हो कि शिक्षक हेमंत वर्मा कुडेरादादर स्कूल से पदोन्नति होकर माध्यमिक शाला मुढीपानी होने के कारण शाला प्रबंधन समिति, ग्राम पंचायत जनप्रतिनिधि,पालक सदस्य एवं ग्रामवासी द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक हेमंत वर्मा के उल्लेखनीय कार्यों का उल्लेख किया गया। इस अवसर पर सरपंच कामनी ध्रुव, नारायण ठाकुर, खिलन अग्रवाल उप-सरपंच, केजू राम ध्रुव, जितेंद्र ध्रुव, बीरेंद्र ध्रुव, झवर अग्रवाल, जगेश्वर ओटी, देवेन्द्र अग्रवाल, ओमप्रकाश दीवान, भीखम साहू, शिवदास मानिकपुरी, मेनका साहू आदि मौजूद थे। शिक्षक हेमंत वर्मा ने सम्मान के लिए सभी का आभार जताया वहीं ग्रामवासियों के स्नेह को सदैव याद रखने की बात कही।

## सरकार का एक लक्ष्य शराब से राजस्व वसूली : डोंगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



भाजपा सरकार के नई शराब नीति पर जमकर हमला करते हुए कहा कि आदिवासी कांग्रेस नेता डोंगर मरकाम कुण्डेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की विष्णुदेव सरकार का सिर्फ एक ही लक्ष्य है कि शराब की बिक्री ज्यादा से ज्यादा करना और हज़ारों करोड़ से अधिक का राजस्व प्राप्त करना। पूर्ववर्ती भाजपा की रमन सिंह के 15 साल के सरकार में जो दौर था, वही फिर से वापस आ रहा है। छत्तीसगढ़ के आदिवासी, विशेष पिछडी जनजाति, भोली भाली जनता को नशे की गर्त में और बर्बादी में धकेलने का पूरा इंतजाम किया जा रहा है। शराब से महिलाओं पर कितना अत्याचार, अनाचार, बलात्कार होते हैं अब इसकी चिंता नहीं हो रही है। पति शराब पीकर पत्नी, बच्चों को मारते पीटते और शराब के कारण पूरा घर बर्बाद हो जाए अब इसकी चिंता भाजपा को नहीं है। भाजपा यदि जनता को 5 रूपए देती है तो जनता की जेब से 20 रूपए निकाल लेती है।

# महिलाओं ने घेरा विद्युत कार्यालय



**मुड़ागांव (कोरासी)।** बुधवार को ग्राम मुड़ागांव की महिलाओं ने लोवोल्टेज और बिजली कटौती के विरोध में कनिष्ठ यंत्री को आवेदन देकर गांव में नल, जल सहित निस्तारी के लिए पानी की समस्या से अवगत करवाया और तत्काल लोवोल्टेज और बार-बार कटौती को सुधारने की मांग की। मांग पर ध्यान नहीं किये जाने पर ग्राम पंचायत सरपंच सहित महिलाओं ने चक्काजाम करने की बात कही। महिलाओं को पेयजल से लेकर घर के अन्य कामकाजों के लिए भी पानी नहीं मिल रहा है।

- लोवोल्टेज, बिजली कटौती रोका नहीं गया तो होगा चक्काजाम

लोवोल्टेज से मोटरपंप, बोरवेल न चलने से गांव में पानी की भारी समस्या व्याप्त है। बढ़ती गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है वहीं बिजली कटौती और लोवोल्टेज से खेती-किसानी भी प्रभावित होने लगी है। इसे देखते हुए महिलाओं ने मुड़ागांव सब स्टेशन पहुंचकर कार्यालय का घेराव किया। जिसमें प्रमुख रूप से सरपंच प्यारे सिंह दीवान, कमलेश्वरी, बिटावन, डेमीनबाई, हेमबाई, भुनेश्वरी, शांतिबाई, टेमीन बाई लीला बाई, जयाबाई, दुलारी बाई आदि ग्राम के महिलाएं शामिल थी।

# बेटी के जन्मदिन पर कराया न्योता भोज



**मुड़ागांव(कोरासी)।** बुधवार को शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला अकलवारा में धनेश कुमार साहू सचिव ग्राम पंचायत अकलवारा के द्वारा अपने सुपुत्री के जन्मदिन पर न्योता कराया गया।

इसमें बच्चों को खीर, पुरी, चावल, दाल सब्जी परोसा गया। इस अवसर सरपंच श्रीमती दुर्गा ध्रुव, पुरन ठाकुर, सुक्ला चरण दीवान, गेंद निर्मलकर, रामरतन निषाद, हिम्मत सेन, संत राम निषाद, घनश्याम विश्वकर्मा,संस्था के प्रधान पाठक टीकम सिन्हा, राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, अरुण कुमार सिन्हा, डी. एन. पटेल. एम. आर. ध्रुव, भूपेन्द्र साइ खेलावन साहू, श्रीमती भूपेश्वरी यादव, कुमारी लक्ष्मी निषाद उपस्थित रहे।

आवश्यकता है।
हरिभूमि

| पद | पदनाम |
|---|---|
| 04 | डेवलपमेंट सहायक |
| वेतन | 11000/- |

योग्यता - स्नातक, स्वयं का वाहन होना आवश्यक है।
उम्र - 18 से 30 वर्ष
सम्पूर्ण बायोडाटा एवं आधार कार्ड के साथ
युवक/युवती दिनांक 04/04/2024 शाम 5 बजे तक संपर्क करें
अपना बायोडाटा Whatsup करें 8370049468
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर
Gmail:- cir.haribhoomi@gmail.com

स्वामी जी 93406-38884

By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश, श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक
9 मई 2024
11 जून 2024
21 जून 2024
01 सितंबर 2024
25 सितंबर 2024
03 अक्टूबर 2024
15 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-21,500/-, 3AC-29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com

सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
13 मई से 26 मई 2024, 15 मई से 28 मई 2024
17 मई से 30 मई 2024, 24 मई से 06 जून 2024
29 मई से 11 जून 2024, 01 जून से 14 जून 2024
राशि:-स्लीपर-18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411